जबलपुर | सोमवार I 13 जुलाई 2026 I वर्ष 77 I अंक 170 I पृष्ठ 12 I मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 बुटाटी में 22 करोड़ की दान गड़बड़ी का आरोप


6 तीजन बाई देदीप्यमान मशाल थीं



7 चार कंपनियों ने बढ़ाई बाजार वैल्यू


8 इंग्लैंड ने विश्व कप के सेमीफाइनल में किया प्रवेश


# यूसीसी जल्द करेंगे लागू

## लाड़ली बहनों के खाते में सीएम ने 1835 करोड़ किए ट्रांसफर



नवभारत न्यूज

**लहार, 12 जुलाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की। रविवार की शाम यह राज्यस्तरीय 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम भिंड जिले के लहार में आयोजित किया गया।**

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और युवाओं को रोजगार का भरोसा दिलाया, वहीं इसी माह मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता यानि यूसीसी लागू करने का बड़ा ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में इसी जुलाई महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा। मप्र देश कर वह राज्य बनेगा जिसके नागरिकों के लिए एक समान कानून होगा। उन्होंने कहा कि जब देश एक है तो कानून भी एक ही हो। जब एक व्यक्ति एक शादी कर रहा है तो दूसरा दो तीन शादियां क्यों करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भिंडी ऋषि की तपोभूमि और दंदरौआ धाम की पावन धरती से किश्त जारी करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि योजना की शुरुआत एक हजार रुपए से हुई थी, जिसे बढ़ाकर अब 1500 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। पिछले ढाई वर्षों में लाड़ली बहनों के खातों में 51 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे भेजी जा चुकी है, जिससे महिलाएं परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां मजबूती से निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, गरीब, महिला और युवाओं के हित में लगातार फैसले ले रही है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है और सरकार युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाना चाहती है।

( शेष पेज 5 पर )

### 322 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भिंड जिले को 322 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें 238.96 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण 40 कार्यों का लोकार्पण और 83.33 करोड़ रुपए की 16 नई परियोजनाओं का भूमिपूजन शामिल रहा। उन्होंने लहार में नए पीजी कॉलेज की स्थापना की घोषणा भी की।

### सीएम ने कांग्रेस और जीतू पटवारी पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को दी जा रही आर्थिक सहायता पर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है। कांग्रेस नेताओं को बहनों के खातों में पैसा पहुंचने से 'पेट में दर्द' हो रहा है और वे इस योजना का विरोध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लाड़ली बहना योजना की राशि को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच महिलाओं के प्रति सम्मानजनक नहीं है।

# ट्विशा शर्मा के गले में आई चोट से हुई मौत

## एम्स दिल्ली की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोला ट्विशा शर्मा मौत का सच

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 जुलाई. भोपाल की पूर्व मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में दिल्ली एम्स की अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सामने आ गई है। बता दें सीबीआई को सौंपी गई इस 11 पन्नों की रिपोर्ट में कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जो इस मामले को एक नया मोड़ दे रहे हैं।**

फोरेंसिक रिपोर्ट में नया साक्ष्य जिम्नास्टिक बेल्ट से जुड़ा हुआ है। जांच में पाया गया कि कथित फंदे के रूप में इस्तेमाल की गई जिम्नास्टिक बेल्ट पर ट्विशा की



त्वचा के टिश्यू यानी स्किन सेल्स पाए गए हैं। जो ट्विशा के गले पर आई चोट के पैटर्न से पूरी तरह मेल खाते हैं। जिसके बाद अब यह रिपोर्ट सीबीआई की जांच में सबसे मजबूत सबूत बन गई है।

**क्यों अहम है एम्स दिल्ली की यह दूसरी रिपोर्ट:** दरअसल इससे पहले भोपाल एम्स में जो शुरुआती पोस्टमार्टम हुआ था, उसमें मौत की वजह फंदे से लटकना तो बताई गई थी. लेकिन शरीर पर कई अन्य चोटों का भी जिक्र था। उस समय पुलिस ने कथित फंदे वाली बेल्ट को मेडिकल बोर्ड के सामने पेश नहीं किया था. जिसके कारण पहली रिपोर्ट को निर्णायक नहीं माना गया। इसके बाद जब मृतका के परिवार ने जांच पर सवाल उठाते हुए मप्र हाई कोर्ट का रुख किया. तब अदालत के आदेश पर मामला सीबीआई को सौंपा गया और 24 मई को एम्स दिल्ली के 5 सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की देखरेख में दूसरा पोस्टमार्टम कराया गया।

## नए वोटर कार्ड के लिए माता-पिता की जानकारी होगी अनिवार्य

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के पंजीकरण से जुड़े नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के इच्छुक आवेदकों को अब अपने माता-पिता की विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी देना अनिवार्य होगा। आयोग के अनुसार, यह व्यवस्था केवल उन मौजूदा मतदाताओं तक सीमित नहीं है जो पहले एसआईआर प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए थे, बल्कि फॉर्म-6 भरकर नया वोटर कार्ड बनवाने वाले सभी आवेदकों पर भी लागू होगी।

## एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**ग्वालियर, 12 जुलाई। महाराजपुरा स्थित वायुसेना स्टेशन परिसर में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात भारतीय सेना के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान ने राइफल की नाले को अपने पेट और सीने के बीच सटाकर ट्रिगर दबा दिया।**

एसएलआर 7.62 एसएलआर राइफल बर्स्ट मोड पर होने की वजह ट्रिगर दबते ही 6 गोलियां चली। जो जवान के पेट और सीने को चीरते हुए आर-पार निकल गयी। गोली चलने की आवाज



सुनकर सभी जवान घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मिलिट्री और स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नितिन नवीन से मिले नरोत्तम मिश्रा

**नई दिल्ली, 12 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को यहां पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और दतिया में हुए विरोध- प्रदर्शन पर अपना पक्ष रखा।**

गौरतलब है कि भाजपा ने दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए श्री आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है. दतिया श्री मिश्रा के निर्वाचन क्षेत्र रहा है। वह 2023 में हुए विधानसभा क्षेत्र में यहां से कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र भारती से



**दतिया में हुए प्रदर्शन के मुद्दे पर रखी अपनी बात**

हार गये और पार्टी ने इस बार उन्हें टिकट नहीं दिया था, जिससे नाराज उनके समर्थकों ने शनिवार को हिंसक प्रदर्शन किया था. श्री नवीन से मिलने के पहले श्री मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, मुझे टिकट नहीं मिला, लेकिन मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है. हर कोई टिकट चाहता है, लेकिन हर किसी को टिकट नहीं मिल सकता. पार्टी ने मुझे जरूरत से ज़्यादा दिया है. उन्होंने दतिया में हुए प्रदर्शन को लेकर कहा, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को मना लिया गया है. हमने सबसे बात की है और किसी का भी इस्तीफ़ा मंजूर नहीं किया गया है. पार्टी छोड़ने के मुद्दे पर उन्होंने कहा, मैं अपनी आखिरी साँस तक पार्टी के साथ रहूँगा.

( शेष पेज 5 पर )

# संघ की बैठक में राम मंदिर ट्रस्ट का एक्शन प्लान तय!

- चंपत राय को अयोध्या से हटाया जाएगा
- अनिल मिश्रा की गिरफ्तारी का रास्ता साफ

मिलिंद मुजुमदार

**इंदौर 12 जुलाई. कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक में अयोध्या के राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए.**

इस बैठक में देश भर के 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों से आए प्रचारकों सहित कुल 226 शीर्ष पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. अयोध्या ट्रस्ट के कामकाज में पारदर्शिता और अनुशासन लाने के लिए संघ ने एक कड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है. इस नए प्लान के तहत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को अयोध्या से हटाया जाएगा, जबकि वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियों के आरोपों में घिरे अनिल मिश्रा की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है.

यानी यदि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में अनिल मिश्रा को भी दोषी पाया गया तो उनकी गिरफ्तारी हो सकती है. इसी के साथ ?अब ट्रस्ट की कमान किसी पूर्णकालिक सीईओ को सौंपी जाएगी. इसके अलावा,संघ के मौजूदा संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए फैसला किया गया है कि भविष्य में अखिल भारतीय स्तर की बैठकें सालाना की बजाय अब केवल 3 वर्षों में एक बार आयोजित की जाएंगी. इसका कारण यह है कि अगले वर्ष से संघ की प्रांतीय व्यवस्था समाप्त की जा रही है. इसका स्थान संभागीय इकाईयां लेंगी. अभी संघ के अखिल भारतीय स्तर पर 46 प्रांत हैं, उनकी जगह 85 संभागों की रचना की जाएगी. इसी के साथ संघ की सभी अखिल भारतीय बैठकें समाप्त होंगी. प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, प्रांत प्रचारकों की बैठक और अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठकें अब नहीं होगी।

( शेष पेज 5 पर )

### अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के तहत 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक पूरे देश के सभी मंडलों, बस्तियों और अलग-अलग मोहल्लों में विशेष शाखा लगाने का निर्णय लिया है. इन 15 दिनों के भीतर लगातार 10 दिनों तक तय स्थानों पर शाखाएं आयोजित की जाएंगी.

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर सीआईएसएफ प्रमुख का फोकस

- नुनवान आधार शिविर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा
- जवानों को सतर्कता और एसओपी के पालन के निर्देश

**श्रीनगर, 12 जुलाई.** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने पहलगाम के नुनवान आधार शिविर में चल रही श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और जवानों को निर्देश दिया कि वे तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए संचालनात्मक तैयारी, सतर्कता और बेहतर तालमेल का उच्चतम स्तर बनाए रखें. अधिकारियों ने बताया कि महानिदेशक ने शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक आकलन किया. उन्होंने तैनाती की योजनाओं, एक्सेस कंट्रोल के उपायों, निगरानी और संचार प्रणालियों, चिकित्सा सहायता और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन एवं अन्य संबंधित पक्षों के बीच तालमेल की समीक्षा की.

# ओमान में भारतीय पोत पर हमला

## 10 भारतीयों को बचाया, एक की तलाश

**नई दिल्ली, 12 जुलाई. भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को ओमान के तट के पास वाणिज्यिक पोत जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए आधिकारिक बयान जारी किया. जिसके अनुसार, 10 भारतीयों को बचा लिया गया है जबकि एक की तलाश जारी है. भारतीय दूतावास भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है.**

विदेश मंत्रालय ने कहा,



जहाज पर सवार 11 भारतीय नागरिकों में से अब तक 10 को बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक के लापता होने की सूचना है.

मंत्रालय ने हमलों को शांति व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया। इसमें आगे कहा गया, क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं. भारत तनाव कम करने के लिए संवाद कायम करने के रुख पर कायम है. इसके साथ ही हम चाहते हैं कि जो राजनयिक कोशिशें और वार्ताएं जारी हैं, उन्हें तार्किक और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाए ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता वापस लाई जा सके. विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए.

# राम मंदिर दान विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**अयोध्या, 12 जुलाई. अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर में दान और चढ़ावे से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सोमवार, 13 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी.**

शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर विचार करेगी, जिनमें मंदिर में प्राप्त दान और चढ़ावे के कथित दुरुपयोग के आरोपों की स्वतंत्र तथा अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि तथ्यों का स्पष्ट रूप से पता लगाया जा सके। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इस सुनवाई पर व्यापक नजर बनी हुई है। याचिकाओं में कथित तौर पर मंदिर में प्राप्त दान राशि और चढ़ावे के प्रबंधन से जुड़े मामलों की जांच की मांग उठाई गई है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित है और अदालत के समक्ष प्रस्तुत दलीलों के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी।

**तीसरे दौर की कार्रवाई** | अमेरिका और ईरान के बीच लगातार बढ़ता जा रहा सैन्य तनाव

# ईरान के 140 सैन्य ठिकानों पर किये हमले

**वॉशिंगटन 12 जुलाई. अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है. अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ईरान के 140 से अधिक सैन्य ठिकानों पर नए हवाई हमले किए गए। अमेरिकी सेना के अनुसार, यह एक सप्ताह के भीतर ईरान के खिलाफ तीसरे दौर की सैन्य कार्रवाई है।**

अभियान में मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक अड्डों,



हथियार भंडार और संचार नेटवर्क सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने इन हमलों को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर हुए कथित हमले के बाद उठाया गया कदम बताया।

### होर्मुज स्ट्रेट किया बंद

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अगली सूचना तक बंद रखने का ऐलान किया है। ईरान ने कहा है कि उसकी मंजूरी के बिना कोई भी जहाज इस मार्ग से गुजरने की कोशिश न करे। एक मालवाहक जहाज पर हमले के बाद अमेरिका ने ईरान पर तीसरे दौर की एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है.

# गुवाहाटी में 472 करोड़ की ड्रग्स होगी नष्ट

- असम में सीएम हिमंत ने रोलर चलाकर की शुरुआत
- पांच वर्षों में एनडीपीएस के तहत 3300 मामले किए दर्ज

**गुवाहाटी, 12 जुलाई. असम सरकार ने रविवार को राज्य में जब्त की गई 472.51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मादक पदार्थों की खेप को नष्ट करने के लिए राज्य स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल अभियान की शुरुआत की।**

नलबाड़ी जिले के दौलासाल स्थित 14वीं असम पुलिस बटालियन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा शामिल हुए और निस्तारण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। सरकार के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 से जुलाई 2026 तक राज्य में 3,253 करोड़ की अवैध ड्रग्स जब्त की गई.

### नष्ट करने में लगेंगे 10 दिन



मुख्यमंत्री ने बताया कि जब्त ड्रग्स की मात्रा अधिक होने के कारण इन्हें पूरी तरह नष्ट करने में लगभग 10 दिन लगेंगे। राज्य सरकार के अनुसार इस दौरान करीब 60 किलोग्राम हेरोइन, 39 किलोग्राम मॉर्फीन, 4.97 लाख गोलियां तथा 3.2 किलोग्राम अफीम और पोस्ता का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। उन्हों ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 3,300 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं.

## एक नजर में



### 9,153 श्रद्धालुओं का नया जत्था अमरनाथ रवाना

**जम्मू.** जम्मू कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 9,000 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था रविवार तड़के जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना हुआ. अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह 9,153 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 359 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। इस जत्थे में बालटाल के लिए 3,429 और पहलगाम के लिए 5,724 तीर्थयात्री शामिल थे. जो कई स्तरों वाली सुरक्षा व्यवस्था के बीच यात्रा के लिए रवाना हुए.

### राष्ट्रविरोधी तत्वों में शामिल तीन गिरफ्तार

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पर्सनैलिटीज एंड लीजेंड्स ऑफ जेएंडके नामक किताब में अलगाववादियों और राष्ट्रविरोधी तत्वों का कथित तौर पर महिमामंडन करने के मामले में जम्मू और दिल्ली से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. सूत्रों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकवादियों का कथित तौर पर महिमामंडन करने वाली इस प्रतिबंधित किताब के सिलसिले में तलाशी अभियान चलाते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस की जम्मू स्थित काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) विंग ने जम्मू और दिल्ली में यह गिरफ्तारियां की हैं.

### जल संसाधन सचिवों का दिल्ली में सम्मेलन आज

**नई दिल्ली.** जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग सोमवार को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन के चाणक्य हॉल में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जल संसाधन विभागों के वरिष्ठतम सचिवों का अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य जल संसाधन क्षेत्र में प्राथमिकता वाली पहलों पर केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करना और जल शक्ति मंत्रालय के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना है।

### ट्रेन में चाकू से हमले में तीन कर्मचारी घायल

**भोपाल.** गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में कर्मचारियों पर चाकू से हमले के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) भोपाल ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना भदभदा और सूखी सेवनिया रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। आरोप है कि अवैध वेंडर बताए जा रहे जितेंद्र खटीक और अंकित सुपारी ने ट्रेन में कार्यरत कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया।

## गुस्ताखी माफ

